जैव विविधता प्रबंधन समिति का किया गया गठन

बंजरिया. प्रखंड कार्यालय के सभागार में सोमवार को जैव विविधता प्रबंधन समिति की बैठक हुयी, जिसकी अध्यक्षता प्रखंड प्रमुख जफीर आजाद चमन ने की, जबकि संचालन बीपीआरओ सह प्रखंड कार्यपालक पदाधिकारी तुलसी कुमारी ने किया . बैठक मे जैव विविधता समिति के बारे मे विस्तृत रूप से जानकारी दी गई . जिसके बाद समिति का गठन हुआ . जहां सर्वसम्मति से पंसस लक्ष्मण साह को अध्यक्ष चुना गए . वही समिति मे पंसस चिंता देवी, सिन्की देवी, सुनीता देवी, शमसाद आलम व अलाउद्दीन अंसारी को चुनना गए . वही कमेटी का बीपीआरओ सह प्रखंड कार्यपालक पदाधिकारी तुलसी कुमारी सचिव होगी . मौके पर उपप्रमुख अनिल कुमार उर्फ पप्पू यादव, प्रखंड प्रधान लिपिक संजय कुमार सिंह, पंसस लक्ष्मण साह, शमसाद आलम, अलाउद्दीन अंसारी, सिकन्दर यादव, आलोक चन्द्र कुमार सहित अन्य उपस्थित थे .

प्रभात खबर
Tue, 22 November 2022
https://epaper.prabhatkhabar.com/c/